# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

## CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)


**संख्या:.** के.मा.शि.बो./प्रशिक्षण एकक/2024 **दिनांक:** 04.05.2024

**परिपत्र संख्या** : TRG-23/2024

**के.मा.शि.बो. से सम्बद्ध सभी विद्यालयों/संस्थानों के प्रधानाचार्य/प्रमुख.**

**विषय : "**गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जीवन एवं कृतित्व" विषयक वेबिनार से संबंधित.

के.मा.शि.बो., प्रशिक्षण इकाई द्वारा भारतीय भाषाओं पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में, गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर उनके जीवन एवं कृतित्व पर आधारित एक वेबिनार का आयोजन, 7 मई, 2024, को किया जा रहा है.

गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर (7 मई, 1861 - 7 अगस्त, 1941) विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता हैं. बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा वे ही थे. उनका जन्म 7 मई, 1861 को कोलकाता में हुआ था. टैगोर ने मात्र 8 साल की आयु में ही पहली कविता लिख डाली थी. उनका पहला कविता संग्रह सिर्फ 16 साल की आयु में प्रकाशित हुआ.

साहित्य के क्षेत्र में टैगोर का योगदान अप्रतिम है. अपनी कालजयी रचना 'गीतांजलि' के लिए वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले, वे पहले गैर-यूरोपीय एवं पहले एशियाई साहित्यकार थे. चित्रकला और संगीत के क्षेत्र में भी उन्होंने निपुणता हासिल की. टैगोर की लघु कथाएं एवं उपन्यास काफी लोकप्रिय हैं. चोखेर बाली, गोरा, काबुलीवाला, चार अध्याय और घरे बाइरे सहित उनकी ढेरों बेहद चर्चित रचनाएं हैं. उनकी कई रचनाओं पर फिल्में भी बनीं. टैगोर की रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं, जिसमें 'जन गण मन' भारत का राष्ट्रगान बना, तो दूसरी ओर 'आमार सोनार बांग्ला' बांग्लादेश का राष्ट्रगान बना.

शिक्षा के क्षेत्र में भी टैगोर का योगदान अतुलनीय है. उनका शैक्षिक दर्शन प्राचीन भारतीय आदर्श 'सा विद्या या विमुक्तये' के अनुरूप मानवतावाद, प्रकृतिवाद, आदर्शवाद, राष्ट्रवाद एवं अन्तर्राष्ट्रीयवाद का सम्मिश्रण है. टैगोर का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थी का बौद्धिक विकास ही नहीं अपितु उसके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है जो प्राकृतिक वातावरण में सृजनात्मक अधिगम एवं कला, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से किया जा सकता है. उन्होंने पश्चिम बंगाल में विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना की जिसके दो परिसर हैं, एक शांतिनिकेतन में और दूसरा श्रीनिकेतन में.

इस वेबिनार का विवरण निम्नवत है:

| | |
|---|---|
| **शीर्षक** | : "गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जीवन एवं कृतित्व" |
| **दिनांक** | : 7 मई, 2024 (मंगलवार) |
| **समय** | : 03.30 बजे अपराह्न् से सायं 05.00 बजे तक |
| **मोड** | : ऑनलाइन / लाइव स्ट्रीमिंग |
| **वक्ता** | : डॉ. राजर्षि राय, प्रोफ़ेसर, शिक्षा विभाग (विनय भवन), विश्वभारती शांतिनिकेतन- 731235, पश्चिम बंगाल. |

इस कार्यक्रम को के.मा.शि.बो. की प्रशिक्षण इकाई के यूट्यूब चैनल के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा.

वेबिनार लिंक: https://youtube.com/live/-GVxwTv0eIU

के.मा.शि.बो. से सम्बद्ध सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस वेबिनार में प्रतिभागिता हेतु प्रोत्साहित करें.

अन्य जानकारी हेतु श्रीमती सुदेश गुलिया, अवर सचिव (सूचना प्रौद्योगिकी), प्रशिक्षण एकक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से training.it.unit@cbseshiksha.in पर संपर्क कर सकते हैं.

**(डॉ. राम शंकर)**

निदेशक (प्रशिक्षण)


**'शिक्षा केंद्र' ,2 सामुदायिक केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली–110092**

***'Shiksha Kendra'*, 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi – 110092**

फ़ोन/Telephone: 011- 22043634 वेबसाइट/Website : https://cbseit.in/cbse/2022/ET/frmListing ई-मेल/e-mail: drtrgcbse@gmail.com.

CBSE Training Unit www.youtube.com/@cbseTraining0729 CBSE TV Channel www.youtube.com/@CBSE_TV_Channel

**"गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जीवन एवं कृतित्व" विषयक वेबिनार.**

के.मा.शि.बो. द्वारा आयोजित उपरोक्त वेबिनार का विवरण निम्नवत है:

**शीर्षक** : "गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जीवन एवं कृतित्व"
**दिनांक** : 7 मई, 2024 (मंगलवार)
**समय** : 03.30 बजे अपराह्न् से सायं 05.00 बजे तक
**मोड** : ऑनलाइन / लाइव स्ट्रीमिंग
**वेबिनार लिंक** : https://youtube.com/live/-GVxwTv0eIU

**कार्यक्रम अनुसूची**

| **क्रम.संख्या** | **गतिविधि** | **वक्ता** | **समय (भारतीय मानक समयानुसार)** |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वागत संबोधन, वेबिनार की आवश्यकता एवं महत्व | डॉ. राम शंकर<br>निदेशक (प्रशिक्षण), के.मा.शि.बो., दिल्ली | 03:30-03:32 (अपराह्न) |
| 2. | वक्ता का परिचय | डॉ. संदीप जैन<br>संयुक्त सचिव (प्रशिक्षण), के.मा.शि.बो., दिल्ली | 03:32-03:35 (अपराह्न) |
| 3. | 'गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जीवन एवं कृतित्व" विषयक वेबिनार | डॉ. राजर्षि राय, प्रोफ़ेसर, शिक्षा विभाग (विनय भवन), विश्वभारती शांतिनिकेतन-731235, पश्चिम बंगाल | 03:35-04:58 (अपराह्न) |
| 4. | धन्यवाद ज्ञापन | श्रीमती. सुदेश गुलिया<br>अवर सचिव (सूचना प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण), के.मा.शि.बो., दिल्ली | 04:58–05:00 (अपराह्न) |
| 5. | कार्यक्रम समापन | | 05:00 (अपराह्न) |

**(डॉ. राम शंकर)**
निदेशक (प्रशिक्षण)

**No:. CBSE/Training Unit/2024** **Date:** 04.05.2024
**Circular No. TRG-** 23/2024

**All the Principals/Heads of Schools/Institutions affiliated to CBSE.**

**Subject:** Webinar on "Life and Works of Gurudev Rabindranath Tagore" -reg.

In the series of various programmes organized on Indian languages, a webinar based on the life and works of Gurudev Rabindranath Tagore is being scheduled by the Training Unit, CBSE, on his Birth anniversary on 7th May, 2024.

Gurudev Rabindranath Tagore (7 May, 1861-7 August, 1941) is a world-renowned poet, writer, philosopher and Nobel Prize winner of Indian literature. He was the visionary who breathed new life into Indian cultural consciousness through Bangla literature. He composed his first poem at the age of just 8 years and his first collection of poems was published at the age of 16 years.

Tagore's contribution to the field of literature is unmatched. He was the first Asian and Non-European writer to win the Nobel Prize for Literature in 1913 for his classic work 'Gitanjali'. He also achieved proficiency in the field of painting and music. Tagore's short stories and novels are quite popular. He has many popular works to his credit including Chokher Bali, Gora, Kabuliwala, Char Adhyay and Ghare Baire. Films were also made on many of his works. Tagore composed the national anthems of two countries, in which 'Jana Gana Mana' became the national anthem of India, while 'Amaar Sonar Bangla' was accorded the status of national anthem of Bangladesh.

Tagore's contribution in the field of education is significant. His educational philosophy is a blend of humanism, naturalism, idealism, nationalism and internationalism in accordance with the ancient Indian ideal of 'Sa Vidya Ya Vimuktaye'. Tagore believed that the aim of education is not only the intellectual development of the students but also the development of their entire personality, which can be done through creative learning, art, music and dance in a natural environment. He established Visva-Bharati, University in West Bengal which has two campuses, one in Shantiniketan and the other in Sriniketan.

The details of this webinar are as follows:

| | |
|---|---|
| **Topic** | : "Life and Works of Gurudev Rabindranath Tagore" |
| **Date** | : 7th May, 2024 (TUESDAY) |
| **Time** | : 03.30 PM – 05.00 PM |
| **Mode** | : Online/Live streaming |
| **Speaker** | : Dr. Rajarshi Roy, Professor, Department of Education (Vinaya Bhavana), Visva-Bharati Santiniketan- 731235, West Bengal. |

This programme will be live streamed through YouTube Channel of Training Unit, CBSE.

Webinar Link: https://youtube.com/live/-GVxwTv0eIU

All Principals/Heads of schools affiliated to CBSE are requested to encourage participation of their teachers and students in the webinar.

For any query, please contact Smt. Sudesh Gulia, Under Secretary (Information Technology), Training Unit, CBSE at training.it.unit@cbseshiksha.in.

**(Dr. Ram Shankar)**
Director (Training)

**Webinar on "Life and Works of Gurudev Rabindranath Tagore".**

The details of the webinar being organized by CBSE are as under:-

**Topic** : "Life and Works of Gurudev Rabindranath Tagore"
**Date** : 7th May, 2024 (TUESDAY)
**Time** : 03.30 PM – 05.00 PM
**Mode** : Online/Live streaming
**Webinar Link** : https://youtube.com/live/-GVxwTv0eIU

**Programme Schedule**

| Sl.No. | Activity | Speaker | Time (IST) |
|---|---|---|---|
| 1. | Welcome, Need and Importance of the Webinar | Dr. Ram Shankar<br>Director (Training), CBSE | 03:30 PM - 03:32 PM |
| 2. | Introduction of the speaker | Dr. Sandeep Jain<br>Joint Secretary (Training), CBSE | 03:32-03:35 PM |
| 3. | Webinar on "Life and Works of Gurudev Rabindranath Tagore" | Dr. Rajarshi Roy, Professor, Department of Education (Vinaya Bhavana), Visva-Bharati Santiniketan- 731235, West Bengal | 03:35-04:58 PM |
| 4. | Vote of Thanks | Smt. Sudesh Gulia<br>Under Secretary (IT, Training), CBSE | 04:58 PM – 05:00 PM |
| 5. | Closing of Programme | | 05:00 PM |

**(Dr. Ram Shankar)**
Director (Training)

Copy to the respective Heads of Directorates, Organizations and Institutions as indicated below with a request to disseminate the information to all the schools under their jurisdiction:

1. The Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, 18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, Delhi – 110016.
2. The Commissioner, Navodaya Vidyalaya Samiti, B-15, Sector-62, Institutional Area, Noida – 201309.
3. The Director of Education, Directorate of Education, Govt. of NCT of Delhi, Old Secretariat, Delhi - 110054.
4. The Secretary, Eklavya Model Residential Schools (EMRS), Ministry of Tribal Affairs, Government of India.
5. The Director of Public Instructions (Schools), Union Territory Secretariat, Sector 9, Chandigarh -160017.
6. The Director of Education, Govt. of Sikkim, Gangtok, Sikkim – 737101.
7. The Director of School Education, Govt. of Arunachal Pradesh, Itanagar – 791111.
8. The Director of Education, Govt. of Andaman & Nicobar Islands, Port Blair – 744101.
9. Director, School Education, Ladakh, Council Secretariat Kurbathang, Kargil, Ladakh.
10. The Director, Central Tibetan School Administration, ESSESS Plaza, Community Centre, Sector 3, Rohini.
11. The Secretary, Sainik Schools Society, Room No.101, D-1 Wing, Sena Bhawan, NewDelhi-110001.
12. The Additional Director General of Army Education, A – Wing, Sena Bhawan, DHQ, PO, New Delhi - 110001.
13. The Secretary AWES, Integrated Headquarters of MoD (Army), FDRC Building No. 202, Shankar Vihar (Near APS), Delhi Cantt – 110010.
14. The Chairperson, Odisha Adarsha Vidyalaya Sangathan, N-1/9, Near Doordarshan Kendra, PO Sainik SchoolNayapalli, Bhubaneswar, Odisha-751005.
15. Director, School Education, Vijayawada, Andhra Pradesh.
16. The Deputy Secretary to Chairperson, CBSE - for kind information of the Chairperson, CBSE.
17. All the Heads of Department of the Board.
18. Director, (Media & Public Relations), CBSE with a request for proper publicity.
19. All the Regional Directors/Regional Officers/Head-COEs, ACCPD- Rae Bareli, CBSE with the request to send this circular to all the Heads of the affiliated schools of the Board in their respective regions for compliance.